**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 25.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

आज संविधान हत्या दिवस है। यह दिन हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब 25 जून 1975 को संविधान का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। यह आपातकाल से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय की तरह है।

***********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में आपातकाल डायरी–वर्ष जिसने एक नेता को जन्म दिया नामक पुस्तक का विमोचन करेंगे। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जब वे उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे और आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***********************

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर आज झारखंड में भाजपा सभी 24 सांगठनिक जिलों में कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस बीच रांची के विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह ने कहा है कि 25 जून 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपने का काम किया था।

इस बीच कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा 50 साल पहले के आपातकाल पर हाय तौबा मचा रही है जबकि पिछले 11 वर्ष से देश में अघोषित आपातकाल लागू है।

झामुमो ने भी भाजपा पर तीखा हमला बोला है। पार्टी नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि राजनीतिक लाभ के लिए भाजपा किसी हद तक जा सकती है।

***********************

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में ले जाने वाला एक्सिओम 4 मिशन आज अमरीका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। उनसे पहले वर्ष 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा की थी। अंतरिक्ष पहुंचकर शुभांशु शुक्ला ने अपने उत्साह का बखान किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

***********************

हजारीबाग जिले में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक के लिए प्रशासनिक पहल तेज कर दी गयी है।

**************************

राज्य में बारिश और वज्रपात का सिलसिला जारी है। जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना अंतर्गत चंद्रपुर गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई जबकि अन्य दो महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरलीधर यादव में बताया कि मृतक के परिजन को प्राकृतिक आपदा के तहत चार लाख की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

********समाप्त*********